हरिभूमि
# विंध्य भूमि
5
जबलपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

**खबर संक्षेप**

## उमरियापान में नलों से आ रहा गंदा पानी

**उमरियापान।** ग्राम पंचायत उमरियापान में इन दिनों नलों से आ रहा गंदा व दूषित पानी ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत और संबंधित जल विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों से कई बार मौखिक व लिखित शिकायत की गई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। न तो जल शुद्धिकरण की व्यवस्था दुरुस्त की गई और न ही पाइपलाइन की तकनीकी जांच कराई गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि दूषित पानी की आपूर्ति जल्द बंद नहीं की गई तो जलजनित बीमारी हो सकती है। गांव के वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ है। उन्होंने मांग की है कि पानी के सैंपल की तुरंत जांच कराई जाए, टंकी और पाइपलाइन की साफ-सफाई हो तथा आवश्यक होने पर वैकल्पिक स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाये।

## आनलाइन गेमिंग की लत और खुदकुशी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाने के ग्राम बंधी स्टेशन में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई हैं। आत्महत्या की वजह ऑनलाइन गेमिंग की लत और उसके कारण चढ़ा लाखों का कर्ज बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी इन तथ्यों को लेकर कुछ भी नहीं बोल रही। SDOP आकांक्षा चतुर्वेदी का कहना हैं कि अभी जांच हो रही जो भी तथ्य आएंगे, उसके अनुसार कारवाई होगी। सूत्रों और ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि आत्महत्या करने वाला युवक लंबे समय से ऑनलाइन गेमिंग का आदी था। गेम में पैसे लगाने की लत के कारण वह धीरे-धीरे कर्ज के दलदल में फंसता चला गया। बताया जा रहा है कि उसने स्थानीय स्तर पर विभिन्न लोगों से लाखों रुपये ब्याज पर उधार लिए थे।

### सड़कों पर बहा लाखों लीटर पानी

# जयस्तंभ चौक के पास पाइप लाइन फटी, सीवर लाइन की खुदाई बनी मुसीबत

सतना।

जयस्तंभ चौक के पास रविवार उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क के नीचे बिछी मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई। पाइपलाइन फटने से पानी का दबाव इतना तेज था कि वह सड़क को चीरते हुए बाहर निकलने लगा, जिससे देखते ही देखते पूरी सड़क जलमग्न हो गई।

### लापरवाही का मंजर

मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से सीवर लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खुदाई के दौरान बिना



किसी सावधानी के मशीनों का उपयोग किया गया, जिससे जमीन के नीचे स्थित पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने की वजह से न केवल सड़क को भारी नुकसान पहुँचा है, बल्कि लाखों लीटर साफ पानी बर्बाद होकर नालियों में बह गया।

### आवागमन बाधित, लोग परेशान

सड़क के बीचों-बीच पानी के तेज बहाव और जलभराव के कारण जयस्तंभ चौक के आसपास का यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का डर बना हुआ है, वहीं पैदल चलने वालों के लिए भी रास्ता पार करना मुश्किल हो गया है।

## लापरवाही की हदः जर्जर आंगनवाड़ी में शौचालय निर्माण से बच्चों पर मंडराया खतरा



**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां की ग्राम पंचायत खांच में प्रशासन की एक जानलेवा लापरवाही सामने आई है। यहाँ लगभग 20 साल पुराने और जर्जर हो चुके आंगनवाड़ी भवन के भीतर शौचालय का टैंक खोदा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस निर्माण कार्य से पूरी बिल्डिंग के गिरने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे वहां आने वाले मासूम बच्चों की जान जोखिम में है।

### अधिकारियों का संवेदनहीन रवैया

ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है कि जब उन्होंने खतरे को देखते हुए पंचायत सचिव और सरपंच को काम रोकने के लिए कहा, तो उन्हें कथित तौर पर अभद्र जवाब मिला। ग्रामीणों के अनुसार, सचिव ने यहाँ तक कह दिया कि बच्चे मरें या जिएं, हमें फर्क नहीं पड़ता, यह शासन का काम है। इस संवेदनहीन बयान से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

### सीईओ से न्याय की गुहार

सुनील गौतम, राजेश त्रिपाठी और अन्य ग्रामीणों ने मझगवां जनपद सीईओ को शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने मांग की है कि एक तकनीकी टीम भेजकर भवन की मजबूती की जांच कराई जाए और बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रखने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना के लिए सीधे तौर पर पंचायत प्रशासन जिम्मेदार होगा।

## सतना गौरव दिवसः कला, संस्कृति और खेलों का दो दिवसीय महाकुंभ



**सतना।** शहर की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक पहचान का जश्न मनाने के लिए आगामी 24 और 25 जनवरी को 'सतना गौरव दिवस' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय उत्सव में कला, खेल और बघेली संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।महापौर योगेश ताम्रकार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस आयोजन की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

### 24 जनवरीः जागरूकता और स्थानीय प्रतिभा का मंच

उत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 7:30 बजे 'प्लॉग रन' के साथ होगा। यह दौड़ नगर निगम से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौकों से गुजरते हुए सुभाष चौक पर समाप्त होगी, जिसका उद्देश्य स्वच्छता का संदेश देना है। इसके बाद व्यंकटेश लोक में स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग, रंगोली, पतंगबाजी और बघेली व्यंजनों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। शाम के सत्र में स्थानीय गायकों की प्रस्तुतियां होंगी और प्रसिद्ध विचारक बाबा सत्यनारायण मौर्य का विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।

### 25 जनवरीः विकास की सौगात और सांस्कृतिक संध्या

दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण धवारी स्टेडियम में 'महापौर कप' क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच होगा। शाम को विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विश्व प्रसिद्ध मैहर वाद्य वृंद की प्रस्तुति होगी और 'प्रगति पथ' स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 'एक शाम सतना के नाम' के साथ होगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। महापौर ने समस्त शहरवासियों से इस गौरवमयी उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## धर्मनगरी चित्रकूट में मौनी अमावस्या और माघी पूर्णिमा के संगम पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़

सतना।

पवित्र धर्मनगरी चित्रकूट में आध्यात्मिक पर्वों का उल्लास चरम पर है।मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला अब माघी पूर्णिमा के उल्लास में बदल गया है। मंदाकिनी के तटों से लेकर कामदगिरि की तलहटी तक, पूरी नगरी 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान है।

### दोपहर बाद बढ़ी हलचल, सुबह थी सामान्य स्थिति

रविवार सुबह की शुरुआत संयमित भीड़ के साथ हुई थी, जहाँ श्रद्धालु सुगमता से मंदाकिनी नदी में स्नान और दर्शन-पूजन कर रहे थे। हालांकि, जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया, दोपहर बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेषकर मुख्य मार्गों और घाटों पर पैर रखने की जगह नहीं बची है।

### इन प्रमुख स्थानों पर रही भारी रौनक

श्रद्धालुओं का रेला चित्रकूट के



विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों पर केंद्रित रहा। भरत घाट एवं राघव प्रयाग घाट यहाँ सुबह से ही मंदाकिनी के पावन जल में डुबकी लगाने के लिए तांता लगा रहा। कामदगिरि प्रदक्षिणा में 'चढ़ती परिक्रमा' मार्ग पर हजारों भक्त नंगे पैर कामतानाथ के दर्शन हेतु बढ़ते दिखाई दिए। राम मोहल्ला में स्थानीय क्षेत्रों में भी तीर्थयात्रियों की आवाजाही से काफी चहल-पहल बनी हुई है।

### प्रशासन की मुस्तैदी और सुरक्षा व्यवस्था

पर्व की महत्ता और उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। प्रमुख चौराहों और घाटों पर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि व्यवस्था सामान्य बनी रहे। अभी तक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। चित्रकूट में आस्था और विश्वास का यह संगम देखते ही बन रहा है। माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दान-पुण्य और दीपदान का दौर भी जारी है।

## चेम्बर का नववर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित



**सतना।** विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, सतना द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह एवं विंध्य व्यापार मेला 2025 का सफलता उत्सव रविवार को स्थानीय "संगम बेला" में दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया। चेंबर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि चेंबर द्वारा 19 दिसंबर 2025 से 29 दिसंबर 2025 तक 11 दिवसीय 12 वे विंध्य व्यापार मेला का आयोजन बीटीआई ग्राउंड में किया गया था जिसके अपार सफलता के बाद सतना सांसद गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में नव वर्ष मिलन समारोह एवं व्यापार मेला सफलता उत्सव ऐतिहासिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर चेंबर द्वारा जिन महानुभावों का सम्मान व्यापार मेला में नहीं हो पाया था उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। एवं प्रिंटर्स एसोसिएशन, सतना फल सब्जी व्यापारी संघ, कोठी व्यापारी संघ, उचेहरा व्यापारी संघ द्वारा चेंबर टीम का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद गणेश सिंह ने विंध्य व्यापार मेला 2025 की ऐतिहासिक सफलता के लिए आयोजन समिति को बधाई दी और कहा, "यह मेला सतना को व्यापारिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है मेले में अन्य कई राज्यों के स्टाल धारक भी स्टाल लगाए थे। चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने विंध्य व्यापार मेला में दिए गए सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया एवं सभी को नव वर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम में दीपक सचदेवा इवेंट्स द्वारा व स्थानीय कलाकारों ने गीत-संगीत और प्रस्तुत किए, जिससे समा में रौनक बिखर गई। इस अवसर पर चेंबर पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, स्थानीय उद्योगपतियों, व्यापारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शहर के प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया।

## सतना गौरव दिवस पर छिड़ा सियासी घमासानः विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का तीखा हमला, महापौर ने किया पलटवार





**सतना। नगर निगम द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी गौरव दिवस को लेकर सतना की सियासत गरमा गई है। शहर की बदहाल सड़कों और नागरिक सुविधाओं के मुद्दे को लेकर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा 'डब्बू' ने नगर निगम प्रशासन और सत्ता पक्ष पर तीखा हमला बोला है। विधायक ने इस आयोजन के औचित्य पर सवाल उठाते हुए इसे जनता के साथ छलावा करार दिया है।**

### किस बात का गौरव? पूरा शहर खुदा पड़ा है

विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कड़े शब्दों में नगर निगम की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब शहर की बुनियादी व्यवस्थाएं ध्वस्त हैं, तो गौरव दिवस मनाने का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा पूरा शहर खोदा पड़ा है, धूल और गड्ढों से जनता त्रस्त है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल तक नसीब नहीं हो रहा और दूसरी ओर निगम उन पर टैक्स का बोझ बढ़ा रहा है। जब विकास कार्यों के लिए फंड का रोना रोया जाता है, तो ऐसे फिजूलखर्ची वाले आयोजनों के लिए धन कहां से आ रहा है? विधायक ने सीधे तौर पर पारदर्शिता की मांग करते हुए पूछा कि इस कार्यक्रम का खर्च क्या महापौर अपनी जेब से वहन करेंगे या फिर जनता की मेहनत की कमाई को उत्सवों में उड़ाया जाएगा? उन्होंने चेतावनी दी कि निगम को पाई-पाई का हिसाब जनता को देना होगा।

### महापौर का पलटवारः भ्रम न फैलाएं, गौरव दिवस शहर की अस्मिता का प्रतीक

विधायक के आरोपों पर महापौर योगेश ताम्रकार ने भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि शहर के गौरव दिवस पर राजनीति करना अनुचित है। महापौर ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन में नगर निगम के सरकारी खजाने का दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है। महापौर ने कहा, जनता किसी भी प्रकार के भ्रम में न आए और न ही कोई भ्रम फैलाने की कोशिश करे। गौरव दिवस पूरे शहर के सम्मान का विषय है और इसके लिए निजी सहयोग व अन्य माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। महापौर पर भरोसा रखिए, हम शहर के विकास और अस्मिता दोनों के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस जुबानी जंग ने शहर की राजनीति में उबाल ला दिया है।

## विंध्य गौरव अवॉर्डः समाज सेवा के लिए सतना की शिरीन खान सम्मानित



**सतना।** सतना की बेटी शिरीन खान ने अपनी उपलब्धियों से जिले का नाम रोशन किया है। भोपाल में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'विंध्य गौरव अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के हाथों प्रदान किया गया।

### युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं शिरीन

शिरीन खान पिछले लंबे समय से नशा मुक्ति अभियान, महिला एवं बाल उत्थान और गरीब परिवारों की सहायता के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। कम उम्र में समाज के प्रति उनके इसी समर्पण को देखते हुए चयन समिति ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना। उपमुख्यमंत्री ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि शिरीन जैसे युवा ही प्रदेश का गौरव हैं और उनके कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं।

### सेवा के मार्ग पर बढ़ने का संकल्प

पुरस्कार ग्रहण करने के बाद शिरीन खान ने कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने इसे अपने परिवार और साथियों के सहयोग का परिणाम बताया और संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगी। इस कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियां और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने शिरीन की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## कौहारी में अवैध हीरा खदानों का जालः शासन को करोड़ों की चपत

सतना

जिले की मझगवां तहसील का कौहारी गांव इन दिनों अवैध हीरा उत्खनन का काला केंद्र बन चुका है।सूत्रों के अनुसार, बरौंधा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 'सेहा' इलाके में 100 से अधिक अवैध हीरा खदानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस खेल से शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है।

### माफियाओं का समानांतर साम्राज्य

नदी के तटीय क्षेत्रों में भू-माफियाओं ने मशीनों और सैकड़ों मजदूरों के जरिए जमीन को छलनी कर दिया है। इस काले कारोबार में गोपालपुर, पहउआ, कठवरिया और कौहारी क्षेत्र के कई रसूखदार नामों के शामिल होने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस और राजस्व विभाग की मिलीभगत या उदासीनता के कारण इन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जिस क्षेत्र में सख्त निगरानी होनी चाहिए, वहां माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संपदा की लूट कर रहे हैं।

### प्रशासनिक विफलता पर सवाल

यह अवैध उत्खनन न केवल राजस्व की चोरी है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी बड़ा खतरा है। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर चिन्हित नामों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं कसी गई, तो कौहारी की धरती पूरी तरह खोखली हो जाएगी। वर्तमान में यह स्थिति सरकारी तंत्र की विफलता का जीवंत उदाहरण पेश कर रही है।

## चित्रकूट में आधा सैकड़ा बंदरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत इलाके में सनसनी; पुलिस और वन विभाग जांच में जुटे

सतना।

धर्मनगरी चित्रकूट के सीतापुर चौकी क्षेत्र में बंदरों की सामूहिक मौत का एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। भगवान हनुमान का स्वरूप माने जाने वाले बंदरों के शव मिलने से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और दुख है। शुरुआती सूचना के अनुसार, शहर कोतवाली क्षेत्र की कुशवाहा बस्ती के पास बड़ी संख्या में बंदर मृत अवस्था में पाए गए।

### घटना का विवरण

शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर चौकी की कुशवाहा बस्ती में स्थानीय निवासियों का दावा है कि लगभग 50 (आधा सैकड़ा) बंदरों की जान गई है, जबकि पुलिस



प्रशासन ने फिलहाल 24 (दो दर्जन) बंदरों की मौत की पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। वन विभाग ने सभी मृत बंदरों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मौत का संभावित कारण

पुलिस और वन विभाग मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। प्राथमिक तौर पर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि बंदरों की मौत हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से हुई होगी। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या यह कोई मानवीय साजिश है या प्राकृतिक दुर्घटना। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में बंदरों का मरना चिंताजनक है और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों (यदि कोई हों) पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सांदीपनि गार्डन में संपन्न हुआ 15 वां गहोई महोत्सव



**पवई।** गहोई वैश्य पंचायत महिला एवं नवयुवक मंडल पवई के तत्वाधान में नगर के सांदीपनि गार्डन में 15 वें गहोई दिवस पर भव्य गहोई महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश सुहाने जिला अध्यक्ष भाजपा मैहर, विशिष्ट अतिथि बद्री प्रसाद सरावगी, डॉ रमेश बेहरे, शंकर लाल कुदरहा, मंगल त्रिशौलिया, ब्रजकिशोर गुप्ता, अवध बिहारी बेहरे, बाबूलाल चौदहा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई वैश्य समाज पवई के अध्यक्ष गणेश डेंगरे के द्वारा की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सिद्धेश्वरी,मां दुर्गा की पूजा एवं आरती से हुआ,उसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली गई,तत्पश्चात सांदीपनि गार्डन में सामाजिक ध्वजारोहण,ध्वज गीत वाचन ल,वरिष्ठ जनों एवं समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान,सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर गहोई वैश्य समाज युवक युवतियां महिला और पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा भक्ति गीतों,देश भक्ति गीतों पर सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दीं गई।

### पंचायत राज को नई दिशा देने वाले राजेश यादव को मिला विंध्य गौरव राष्ट्रीय पुरस्कार



**पन्ना।** जिले के सरपंच एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता राजेश यादव को पंचायत राज व्यवस्था में उत्कृष्ट योगदान के लिए विंध्य गौरव राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भोपाल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने राजेश यादव द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर किए गए नवाचारों, पारदर्शी प्रशासन और जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंचायत राज व्यवस्था लोकतंत्र की नींव है और राजेश यादव जैसे जनप्रतिनिधि इसे मजबूती प्रदान कर रहे हैं। गौरतलब है कि राजेश यादव ने सरपंच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत सिलधरा में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। स्वच्छता अभियान, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीणों की सहभागिता से योजनाओं का क्रियान्वयन तथा पंचायत राज की अवधारणा को धरातल पर उतारने में उन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इन्हीं कार्यों को देखते हुए उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त होने पर जिले भर के सरपंचों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ईष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। सभी ने राजेश यादव को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा जताई कि वे आगे भी इसी तरह जनसेवा करते रहेंगे।

# केन बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना जिले के प्रभावित गांवों में कटहरी बिलहटा में जहां आदिवासियों के मकान जो ढहाये गये उनमें ग्राम सभा नहीं कराये जाने का आरोप

**आखिर ग्राम सभाओं की सच्चाई तो पोल तो खुल ही गई। जहां एस.डी.एम. व तहसीलदार की उपस्थिति में आम जनता ने खुलकर इस बात को कहा कि ग्राम सभा ग्रामों में नहीं कराई गई। वहीं तहसीलदार पन्ना पंचनामा व मोबाईल में बयां कर रहे थे।**





पन्ना।

सोषल मीडिया में वायरल वीडियो स्वयं हालात को लेकर चर्चा में आखिर कानून का पालन कराये जाने वालों को कहीं न कहीं आम जनता का विरोध का सामना जहां करना पड़ रहा है वहीं इस भीषण ठण्ड में आम जनता के आसियाने ढहाये गये। जो स्वयं ही कहीं न कहीं प्रषासन की संवेदनषीलता को बयां कर रहे हालात। जिले में किस तरह के हालात कई बार सुर्खियां बटोरते है आखिरकार संवेदनषील प्रषासन जहां सुषासन की राह तय करने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की सोच को लेकर जमीनी पटल पर लाने की बात की जाती है। सुषासन सप्ताह मनाया जाता है जब जमीनी सच्चाई तो स्वयं ही झंगझोर देती है जिस तरह की दास्ता विगत दिवसों में जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत कटहरी बिलहटा गांव जो पन्ना टाईगर रिजर्व के अंतर्गत कहीं न कहीं केन बेतवा लिंक परियोजना में बनने वाली परियोजना में प्रभावित गांवों में से एक है। जहां एसडीएम पन्ना तहसीलदार तथा पुलिस प्रषासन की मौजूदगी में जे.सी.बी. से 20 घर ढहाये जाने की बात सामने आई है। जहां ग्राम सभा नहीं कराये जाने को लेकर प्रषासन के ऊपर आरोप आम जनता के सामने चर्चा में रहा। वहीं प्रषासन ने जिस तरह से भीषण ठण्ड के दौरान ये मकान आदिवासियों के ढहा दिये जिसमें आम जनता जो जे.सी.बी. के सामने मरने मिटने को तैयार खड़ी नजर आ रही है। निष्चितौर पर प्रषासन की सच्चाई कहें या आम जनता जमीनी स्तर पर जहां प्रषासन के जिम्मेदारों के सामने ग्राम सभा नहीं कराये जाने के आरोप सोषल मीडिया में वायरल वीडियो में सामने आया वहीं तहसीलदार पन्ना जो मोबाईल पर पंचनामा दिखाये जाने की बात सामने कर रहे थे जिस पर आरोप यह लगाया कि ग्राम पंचायत के रजिस्टरों में ग्राम सभा की कार्यवाही आखिर क्यों नहीं। वहीं अधिकारियों का दावा कि ग्राम सभा कराई गई है। तो यहां दो तरह के हालात चर्चा में है। आखिर क्या ग्राम सभा अधिकारियों के कार्यालय तक कार्यवाही को लेकर पहुंच गई। जहां आम जनता को ग्राम सभा की कार्यवाही का पता नहीं तो फिर ग्राम सभा कहां हुई। वहीं पंचायतो में तो अक्सर समूचे जिले में यह दास्ता कायम है कि ग्राम सभा वास्तविकता में कराये जाने को लेकर आज भी प्रषासन जवाबदेही सुनिष्चित नहीं कर पाया कहने को तो ग्राम सभाओं के प्रस्ताव पर ही विकास की इबारत लिखी जाती है। पर यहां तो ग्राम सभाओं को कागजों में करा दिया जाता है। आखिर आम जनता की भागीदारी जब ग्राम सभा में नहीं हो रही तो सायद इसी तरह के आरोपों का सामना प्रषासन को करना पड़ता है। वहीं प्रत्येक पंचायत में ग्रामसभाओं को लेकर नोडल अधिकारी जो नियुक्ति किये जाते है आखिर इनकी भूमिका क्या तय होती है यहां सच्चाई की दास्ता है निष्चितौर पर नियमानुसार जमीन का अधिग्रहण करने के लिए जो कार्यवाही जिम्मेदार अधिकारियों को संवेदनषीलता से कराई जानी चाहिए अगर यह कराई गई होती तो फिर इस तरह का विरोध क्यों? 15 दिवस के बच्चे को खुले आसमान में वीडियो में नजर आ रहा है। मकान ढहा दिये गये ठण्ड में आग के सहारे पीड़ित परिवार गुजारा करने को माने जा रहे है। प्रषासन की संवेदनषीलता स्वयं ही हो रही बयां। मुआवजा भी लिया जा चुका होगा निःसंदेह पर कार्यवाहियां कहीं न कहीं सवालों के घेरे में जमीनी स्तर पर आम जनता की भागीदारी जो ग्राम सभाओं में नहीं हुई या ग्राम सभायें नहीं कराई गई यह पोल तो खुल ही गई एक तरफ जनता ही भगवान होती है दूसरी तरफ जनता को ही यह सब भोगना पड़ रहा है। आखिरकार अंतिम छोर के व्यक्तियो को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिंद्धांतों का पालन कराये जाने को लेकर क्या यही जमीनी हकीकत है। आखिरकार आम आदमी के साथ किस तरह के हालात जमीनी तौर पर सामने आते है कहां गये जनप्रतिनिधि जो दुहाई देते है हर समय जनता के साथ खड़े रहने की मत लेने के समय वादे करते है आज इस दास्ता से परहेज क्यों। आम जनता के सामने सच्चाई तो लाओ। आखिर नियमों का पालन अगर कराया जा रहा है तो फिर यह विरोध अधिकारियों को क्यों झेलना पड़ रहा है। जमीनी स्थिति में सफेद पोषधारियों को तो पहुंचना चाहिए ताकि अपनी जनता के हालात को समझे सच्चाई किसमें आम जनता में या आपके अधिकारियों में आखिर पारदर्षिता सामने तो आना ही चाहिए। ग्राम सभायें अगर कराई गई है तो पंचायत के रिकार्ड में तो होना चाहिए कहां गायब हो गई कार्यवाहियां। कई सवाल अनसुलझे जिनका जवाब जिम्मेदार ही दे सकते है।

# पांच बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन उमड़ा आस्था और एकता का सैलाब




पन्ना।

नगर में चल रहे हिंदू सम्मेलन पखवाड़ा के अंतर्गत 18 जनवरी 2026 को पन्ना नगर की पांच प्रमुख बस्तियों में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे पूरे नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण व्याप्त रहा। पन्ना नगर कार्यवाह कमलेश कुशवाहा जी के द्वारा बताया गया की पन्ना नगर में 13 बस्तियों में हिंदू सम्मेलन होने हैं जिसके अंतर्गत 17 एवं 18 जनवरी तक 9 बस्तियों के कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं जिसमें आज 5 कार्यक्रम हुए। इंद्रपुरी बस्ती का सम्मेलन मंगल भवन इंद्रपुरी में आयोजित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ चार प्रकार के पूजन धरती माता गौ माता कन्या पूजन तथा भारत माता पूजन और वंदे मातरम गायन से प्रारंभ किया गया छात्रों के द्वारा रंगारंग सुंदर प्रस्तुति दी गई तथा मातृशक्ति वक्ता रश्मि शर्मा जी के द्वारा आदर्श हिंदू घर में महिलाओं की भूमिका तथा मुख्य वक्ता रुद्र प्रताप जी यादव के द्वारा संघ यात्रा के 100 वर्ष एवं पांच परिवर्तन विषय पर उद्बोधन दिया गया। तथा कार्यक्रम के अंत में संयोजक एडवोकेट शारदा प्रसाद सिंगरौल जी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। वही टिकुरिया बस्ती का कार्यक्रम सुदर्शन छात्रावास में संपन्न हुआ, यहां मातृशक्ति वक्त श्रीमती मनीष गोस्वामी तथा मुख्य वक्ता श्री उमेश जी मिश्रा रहे कार्यक्रम के संयोजक श्री राजकुमार जी मिश्रा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। जबकि आगरा बस्ती का हिंदू सम्मेलन जगदीश स्वामी टाउन हॉल पन्ना में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के वक्त श्रीमती मालती रैकवार तथा देवेंद्र जी रहे कार्यक्रम के संयोजक राकेश जी गुप्ता के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और अंत में सभी आए समाज को गया। बेनी सागर बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन संकल्प गार्डन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। यहां पर वक्त श्रीमती वर्षा शर्मा एवं राधाचरण अवधिया के द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा कार्यक्रम के संयोजक अरविंद जी विश्वकर्मा जी के द्वारा आभार प्रदर्शन कर प्रसाद वितरित किया गया। कुंजुमन बस्ती का कार्यक्रम कुंजवान स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में संपन्न हुआ जिसमें वक्त सुशील सेन एवं मातृशक्ति वक्त श्रीमती संगीता अग्रवाल के द्वारा उद्बोधन दिया गया और अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ मृत्युंजय अधिकारी के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया सभी आए हुए लोगों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी वितरित की गई। सभी पांचो बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों में साधुदृसंतों एवं मुख्य वक्ताओं ने हिंदू समाज को एकजुट रहने, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का संदेश दिया। उनके उद्बोधनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से भारत माता की आरती की गई, जिसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। सम्मेलन में पधारे सभी हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद रूपी भोजन कराया गया। सफल आयोजन ने नगर में आपसी भाईचारे, धार्मिक चेतना और सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत किया।



# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले देवेंद्र पांडे के ऊपर एफआईआर दर्ज

सलेहा।

विगत दिनों सलेहा थाना अंतर्गत छिजोरा ग्राम निवासी देवेंद्र पांडे द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं मुस्लिम धर्म की पवित्र किताब कुरान के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी, पूर्व में मुस्लिम समाज और भीम आर्मी द्वारा सलेहा थाना में आवेदन देने के बाद गुरुवार को एडिशनल एसपी पन्ना वंदना सिंह को भी कार्रवाई किए जाने को लेकर आवेदन सौंपा गया था, जिस पर सलेहा थाना प्रभारी बलबीर सिंह ने आरोपी देवेंद्र पांडे के विरुद्ध ऊपर एफआईआर दर्ज की है। जाकिर मोहम्मद उर्फ इनायत पिता शाकिर मोहम्मद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भटिया थाना सलेहा ने थाना में आवेदन देकर बताया कि इंस्टा ग्राम सोशल मीडिया में छिजोरा निवासी देवेंद्र पांडे देवेंद्र सनातनी नाम की पक से मुस्लिम धर्म की किताब कुरान एवं धर्म गुरुओं मौलवियों के लिए आपत्तिजनक अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो अपलोड किया गया है तथा दूसरे वीडियो में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा था। फिर मैंने चेक किया तो वह पक देवेंद्र पांडे की थी जिसको मैं पहले से जनता हूं। देवेंद्र पांडे द्वारा मुस्लिम धर्म का अपमान किया गया जिससे मेरी ओर समाज के लोगों धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। यह वीडियो मैंने ग्राम अपने ग्राम की मुस्लिम कमेटी के सदर के लड़के अशफाक खान और चिंटू उर्फ मोहम्मद कैफ को दिखाया, मुझे कम होने से मैं अपने रिश्तेदारी में चला गया था। आज रिश्तेदारी से वापस आकर मैंने मां छाया कलर लैब पन्ना से उक्त दोनों वीडियो को सैन डिस्क कंपनी 32 जीवी पेन ड्राइव में मूल रूप से जैसा इंस्टा आईडी में वीडियो अपलोड किया गया था उसी प्रकार वीडियो अपलोड किया हूं।



# हर्ष उल्लास के साथ मनाया गहोई दिवस नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

### विधायक डॉ राजेश वर्मा ने धर्मशाला निर्माण के लिए 10 लाख राशि देने की घोषणा की

**अमानगंज।** नगर अमानगंज में आज दिन रविवार को गहोई दिवस के पावन मौके पर गहोई समाज के बंधुओं द्वारा नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गहोई धर्मशाला से शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई जो मटकी चौराहा नायक जी मंदिर छिरोलिया मोहल्ला से होती हुई फुहारा चौक एवं नगर के विभिन्न मार्गो से विधायक कार्यालय अमानगंज के सामने पहुंची। जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया एवं भगवान सूर्य देव की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत शोभायात्रा साइ मंडपम पहुंची। जहां पर कार्यक्रम के आरंभ में गहोई समाज के आराध्य सूर्य देव की पूजा आरंभ की गई। पूजन में चंदन, अक्षत, पुष्प हार एवं प्रसाद लगाकर भगवान सूर्य देव की आरती उतारी गई। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद गहोई समाज की महिलाओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा का स्वागत वंदन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आशा गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष पन्ना, राघवेंद्र राज मोदी, प्रशांत अज्जू छिरोलिया रोगी कल्याण समिति सदस्य अमानगंज, संध्या मेनू बड़ेरिया पार्षद अमानगंज, गोविंद छिरोलिया गहोई समाज मंडल अध्यक्ष अमानगंज का स्वागत हुआ। इसके उपरांत पत्रकारों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात समाज के होनहार बच्चों- बच्चियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। साथ ही बच्चों के द्वारा कई मनमोहक झांकियां भी सजाई गई। गहोई समाज की महिला मंडल ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर के भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेश वर्मा के द्वारा गहोई धर्मशाला के निर्माण के लिए 10 लख रुपए देने की घोषणा की गई। गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा के द्वारा अमानगंज नगर की होनहार बेटी आशी नायक पिता रामू नायक का मिस जूनियर प्रतियोगिता जयपुर में चयन होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन नीरज बड़ेरिया, मनीष कुमार रेजा, अनिल कंथारिया, रवि महतेले के द्वारा किया गया।

# मां कंकाली माता का मंदिर, गेट, प्रांगण व तालाब स्वयं ही विकास की दिशा को साबित करने में विधायक पवई की भूमिका सदैव के लिए बनेगा इतिहास







पन्ना।

जब जनप्रतिनिधि की दृढ़ ईच्छा शक्ति होती है तो जमीनी रूप में विकास स्वयं ही साबित होने लगता है पवई विधायक प्रहलाद लोधी की सोच आज पवई विधानसभा के कंकाली माता मंदिर में स्वयं ही साक्षी है। मां का स्थान किस तरह से आज विकास की नई इबारत के साथ चमक बिखेर रहा है समूचे जिले में सायद ऐसा गेट मंदिर का कहीं नहीं। वहीं मंदिर प्रांगण मां का स्थान वहीं तालाब में सोभायवान घाट सभी चौमुखी विकास को लेकर स्वयं हो रहा बयां। जब जनप्रतिनिधि चाहते है तो विकास इस तरह से साबित होता है यहां पवई विधानसभा के विधायक प्रहलाद सिंह लोधी की सोच मां कंकाली की स्थान में विकास की दास्ता को आज स्वयं ही साक्षी रूप में साबित हो रहा है। विधायक की सेवाभावना कहें या फिर सोच यहां मां कंकाली माता का स्थान आज इस तरह से विकास को लेकर अपनी पताका फहरा रहा है। जो समूचे जिले के लिए मिषाल है। मां का मंदिर तथा प्रांगण वहीं कंकाली माता मंदिर का गेट सभी में किस तरह से विकास की दिषा तय की गई जो आज कंकाली माता का दरबार से लेकर जहां समूचे प्रांगण स्थल व गेट परिसर सभी ही यानि यह कहें चहुमुखी विकास को लेकर जो कार्य किया गया वह आज साक्षी है। पवई विधायक प्रहलाद लोधी बेबाक कार्यप्रणाली को लेकर तो जाने ही जाते है वहीं कंकाली माता दरबार में ही अपना स्वयं का जैसे कार्यालय प्रांगण में ही स्थापित कर लिया। मां की सरण में रहकर मां की सेवा वहीं समूचे विधानसभा का संचालन मां के स्थान से ही अमिट छाप छोड़ रहा है। इतना ही नहीं प्रहलाद सिंह लोधी जो स्वयं ही दुखों के पहाड़ के टूटने के बाद भी मां की कृपा से अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ विकास में तत्पर है। भले ही पैर का ऑपरेषन एक बार फिर हुआ वहीं विषम परिस्थितियों में कोराना काल में जीवन संघर्ष से जिनके प्राण बचे वहीं एकलौते पुत्र का दुखद निधन होने के बाद भी मां के स्थान के विकास को लेकर सतत आज भी प्रयत्नषील वहीं गरीब कन्याओं का विवाह व गरीब अन्य सामाज के निकाह आदि इस स्थान में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जिस तरह से कराये गये गरीबों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कार्य तथा इस स्थान का विकास प्रहलाद लोधी की विधायकी का कार्यकाल सदैव के लिए इतिहास के रूप में मां के स्थान का विकास साक्षी बना।

## सेमी फाइनल मैच रक्सेहा एवं पहाड़ीखेरा के बीच खेला गया जहां पहाड़ी खेरा टीम विजय हासिल कर फाइनल में पहुंची



**पन्ना।** जिले के जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत पहाड़ी खेड़ा क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में डॉ. भीमराव अंबेडकर हीरापुर के तत्वावधान में आज दिनांक 18 जनवरी 2026 को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बृजपुर और रक्सेहा के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दिया के सरपंच एवं पूर्व सैनिक श्री राम शिरोमणि सिंह लोधी, पहाड़ीखेरा के सरपंच श्री राम शिरोमणि मिश्रा तथा पुलिस चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बृजपुर टीम ने निर्धारित ओवरों में 75 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रक्सेहा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया और क्वार्टर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला पहाड़ीखेरा और रक्सेहा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़ीखेरा टीम ने 109 रन बनाए। जवाब में रक्सेहा टीम 75 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह पहाड़ीखेरा ने सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। दर्शकों ने भी तालियों और नारों के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।


# जेएसओ बड़ामलहरा ने विक्रेताओं से फीलगुड कर राशन दुकानों से स्टॉक घटाया, कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी को किया नजरअंदाज

## जेएसओ सुगंध जैन ने 200-400 प्रति क्विंटल लिया कमीशन, विक्रेता ने लगाये आरोप

छतरपुर।

जिले के बड़ामलहरा अनुविभाग अंतर्गत राशन दुकानों में उपलब्ध स्टॉक और ऑनलाइन मशीन में उपलब्ध स्टॉक के अंतर की मात्रा का समायोजन के नाम पर किया गया विक्रेताओं के साथ फुल फीलगुड कर जेएसओ बड़ामलहरा सुगंध जैन ने विक्रेताओं की सुविधा अनुसार राशन दुकानों से स्टॉक घटाया गया। यह समायोजन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की लॉगिन आईडी से कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी के समक्ष किया जाना था। जिसमें कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सम्बंधित सहकारिता निरीक्षक, संबंधित समिति प्रबंधक और संबंधित पंचायत का सचिव के समक्ष किया जाना था। लेकिन बड़ामलहरा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुगंध जैन विक्रेता के साथ फील गुड कर लाखों का किया वारा न्यारा। उपसचिव मध्यप्रदेश शासन खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल ने एक आदेश 21 नवम्बर 2024 को जारी किया था कि जांच दल में कनिष्ठ/ सहायक आपूर्ति अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक, प्रबंधक सहकारी समिति और कलेक्टर द्वारा नामित अन्य विभाग का कर्मचारी शामिल कर स्टॉक को घटाया जाए। लेकिन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुगंध जैन ने उपसचिव मध्यप्रदेश शासन के आदेश की खुलेआम अवहेलना करते हुए सैल्समैन के साथ मिलकर राशन दुकानों का स्टॉक घटा दिया और जिसमें भारी लेनदेन किया गया, जिसकी चर्चा समूचे क्षेत्र व जिले में है। ऑनलाईन दिखने वाले स्टॉक और दुकान में मौजूद स्टॉक के अंतर का समायोजन किया जाना था। यह समायोजन करने के लिए जेएसओ को प्रत्येक राशन दुकान में जाकर वहां मौजूद स्टॉक और ऑनलाईन दिखने बाले स्टॉक का अंतर निकालकर समायोजन करना था। लेकिन जेएसओ सुगंध जैन ने ऐसा नहीं किया और उन्होंने अपना हित लाभ देखते हुए सभी सैल्समैनों को घर, ऑफिस पर पीएसओ मशीन लेकर बुलाया और घर पर ही स्टॉक के अंतर का समायोजन करने के लिए पूरा खेल रचा गया। घुवारा क्षेत्र के बिक्रेता ने





राशन सामग्री के नि... हो रही है।

...शासन खाद्य नागरिक आपू... संरक्षण भोपाल के ज्ञाप क्र ... /2019/29-1 दिनांक 21.11.2024 के ... मूल्य दुकान पर खा... ...र एवं नमक के भौतिक रूप से उपलब्ध एवं पीओएस मशीन मे ... मे एक रूपता ...तु सत्यापन की कार्यवाही किये जाने हेतु निम्नानुसार जांच दल गठित किया ... है:-

1. क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी— सदस्य/सचिव
2. क्षेत्रीय सहकारिता निरीक्षक— सदस्य
3. संबंधित समिति प्रबंधक— सदस्य
4. क्षेत्रीय ग्राम पंचायत सचिव (ग्रामीण क्षेत्र)— सदस्य
5. क्षेत्रीय वार्ड प्रभारी (नगरीय क्षेत्र)— सदस्य

1. उपरोक्त जांच दल द्वारा पीओएस मशीन मे योजना/राशन सामग्रीवार प्रदर्शित,दुकान ... रूप से उपलब्ध स्टॉक एवं अंतर मात्रा की जांच कर प्रतिवेदन परिशिष्ट—अ मे ... अधिकारी को प्रस्तुत किया जाए,
2. उचित मूल्य दुकान के स्टॉक सत्यापन हेतु पीओएस मशीन मे स्टॉक सत्यापन मो... वेरिफिकेशन) उपलब्ध कराया गया है, जिसमे सत्यापन उपरांत जांच दल द्वारा ... की प्रविष्टि की जाए:-

### 200 से लेकर 400 प्रति क्वन्टल गेंहू, चावल स्टॉक शॉट करने के आरोप लगाए है

स्टॉक का समायोजन करने के नाम पर लाखों का बारा न्यारा किया गया है। इस तरह के आरोप प्रत्यारोप खुलेआम लग रहे है। यह भी चर्चा है कि 200-400 रूपए प्रति क्विंटल की बसूली राशन का स्टॉक घटाने में की गई, जिससे लाखों की कमाई कि गई। सडवा, सूरजपुरा रोड,वरमा, पिपरा और कुंवरपुरा के अलावा दर्जनों दुकाने है, जहां दुकानों से राशन घटाने के नाम पर अवैध वसूली की चर्चाएं हैं।

### कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी के समक्ष क्यों नहीं घटाया गेंहू, चावल का स्टॉक, जांच का विषय? -

सुगंध जैन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बड़ामलहरा अवैध कमाई के चक्कर में सब भूल गए। कलेक्टर द्वारा गठित की गई कमेटी को दरकिनार कर सेल्समैनों से फीलगुड करके दुकानों से गेंहू, चावल स्टॉक घटाने के नाम पर लाखों का किया गया लेन देन, जो की समूचे क्षेत्र के अलावा जिला आपूर्ति कार्यालय में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसकी शिकायत खाद्य मंत्री और कलेक्टर से की जा रही है, अवैध वसूली के वीडियो भी बन गए हैं। बैसे यह भी चर्चा है कि अगर समिति बनाकर राशन का स्टॉक घटाया जाता, तो जो बसूली हुई है वह समिति के सदस्यों में वितरित हो जाती। लेकिन सैल्समैन के माध्यम से राशन का स्टॉक घटाने की जो प्रक्रिया पूरी की गई और जो बसूली हुई वह उससे एक ही व्यक्ति को लाभ पहुंचा। अवैध कमाई के चक्कर में ही पांच सदस्यीय कमेटी को दूर रखा गया। प्रमुख सचिव के आदेश और कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी की अवहेलना करने पर प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और प्रशासनिक स्तर पर एक जांच दल बनाकर फिर से इन राशन दुकानों के राशन का स्टॉक घटाने का सत्यापन कराया जाना चाहिए, ताकि जेएसओ द्वारा किया गया भ्रष्टाचार सार्वजनिक हो सके।

जिले की राशन दुकानों से गेहूं, चावल स्टॉक घटाने के नाम पर लाखों का लेन देन होने के बाद भी जिला आपूर्ति अधिकारी को नहीं है जानकारी। और बह इस संबंध में अनभिज्ञता जता रहें है। शिकायत आने पर कार्यवाही करने की बात कही जा रही है, जो किसी के गले नहीं उतर रही है। जब इस तरह नियम विरूद्व कार्य किया गया है और डीएसओ को जानकारी मिल चुकी है तो वह शिकायत का इंतजार क्यों कर रहे है। कहीं न कहीं इस पूरे मामले में डीएसओ की भी मिलीभगत नजर आ रही है। जिससे वह मामले में कोई कार्यवाही न कर लीपा पोती का काम कर रहे हैं।

### इनका कहना है -

दुकानों से स्टॉक गठित समिति के समक्ष नहीं घटाया गया तो यह गंभीर विषय है, जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

**गोविंद सिंह राजपूत**
**कैबिनेट मंत्रीखाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, म.प्र.**

---

## खबर संक्षेप

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर उठाया खौफनाक कदम

छतरपुर। जिले के थाना सटई के अंतर्गत ग्राम अमरपुरा निवासी 22 वर्षीय युवक श्रीपत अहिरवार पुत्र खरका अहिरवार ने जहरीला पदार्थ खाकर खौफनाक कदम उठा लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी लगी तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजावर लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने श्रीपत अहिरवार का प्राथमिक उपचार किया और हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जिला अस्पताल लाये जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से ही अहिरवार परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी कोई सटीक कारण पता नहीं चले, जिनके चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया। वहीं ग्याप्रसाद अहिरवार का कहना है कि शराब पीने को लेकर घर में कुछ विवाद हुआ था और इसके बाद ही उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है जांच के बाद सही स्थिति स्पष्ट होगी।

### 20 वर्षीय युवक फांसी पर झूला

**सटई** के अंतर्गत दूसरी घटना कस्वा सटई में घटित हुई और यहां पर बार्ड न.04 में रहने वाले 20 बर्षीय युवक पूरन पिता खिल्लू साहू ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना दोपहर 2 बजे की बताई जा रही है इसमें भी कारण अज्ञात है घटना की सूचना थाना सटई पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उताराकर और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिय भेजा गया।

### जगत सागर मेला महोत्सव का पारंपरिक उत्साह के साथ आगाज, क्षेत्रीय विधायक ने किया भव्य उद्घाटन



छतरपुर। छतरपुर जिले की ऐतिहासिक विरासत को सहेजने वाले महाराजा छत्रसाल जगत सागर मेला महोत्सव का इस वर्ष भी गौरवशाली आगाज़ हुआ है। यह मेला पिछले 20 से 25 वर्षों से लगातार ग्रामवासियों के सहयोग और आपसी भाईचारे की मिसाल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्रीय विधायक सहित अनेक वरिष्ठ जन-प्रतिनिधियों ने शिरकत की और मेले की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। पूरे आयोजन के अनुसार, मेले के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह (टीका राजा), भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री अर्चना गुड्डू सिंह, महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष भरत पाठक, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण प्रताप सिंह (रिंकू राजा) और जनपद अध्यक्ष राकेश पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जटाशंकर में सम्पन्न हुई भागवत कथा, भण्डारे का हुआ आयोजन



छतरपुर। जिले के मनियां ग्राम में धार्मिक उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां के प्रसिद्ध भक्त श्री रामधन मनियां पिछले 20 वर्षों से लगातार पैदल यात्रा कर जटाशंकर धाम तक भगवान शिव के दर्शन करने जाते रहे हैं। इस वर्ष गांववासियों ने उनकी इस अटूट भक्ति और समर्पण को सम्मानित करने के लिए शिव पुराण कथा का भव्य आयोजन किया। यह कथा का आयोजन जटाशंकर धाम में विशेष रूप से रामधन मनियां की श्रद्धा को समर्पित था, जिनकी प्रेरणा से पूरा ग्राम एकजुट हुआ। कथा के समापन पर आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में ग्राम के सरपंच राकेश पटेल, जगतराज पटेल, भरत पटेल, सुरेंद्र पटेल, महाप्रसाद पटेल सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

---

# पेन्ट गोदाम में लगी भीषण आग से टला बड़ा हादसा सिरोठिया परिवार का करीब एक करोड़ का हुआ नुकसान



### गति कोरियर में काम करने बाले दो लड़कों ने झाड़ू लगाकर कागजों में लगाई थी आग

छतरपुर।

शहर के सिटी कोतवाली के अंतर्गत नौगांव रोड़ में रिलायंस पेट्रोल पम्प के ठीक पीछे मठोले लक्ष्मण साहू के कैम्पस में सिरोठिया पेन्ट के गोदाम में अचानक आग भड़क गई। जिससे व्यापारी का करीब 1 करोड़ रूपये का नुकसान हो गया। गनीमत यह रही कि नगर पालिका की फायर बिग्रेडों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग पर काबू पा लिया, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। क्योंकि चंद कदम की दूरी पर रिलायंस पेट्रोल पम्प था और अगर आग पेट्रोल पम्प तक पहुंच जाती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिर भी व्यापारी का 1 करोड़ के आसपास का नुकसान हो गया वह एशियन बर्जर पेन्ट के थोक डीलर है और दूधनाथ मंदिर के पास उनकी सिरोठिया पेन्ट के नाम से दुकान है। इस आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसपी अरूण सोनी, एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पियूष दीक्षित, कोतवाली टीआई अरबिंद दांगी, थाना ओरछा रोड़ प्रभारी दीपक यादव, नगरपालिका के स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक सहित नगर पालिका का अमला और पुलिस बल मौजूद रहा। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने गति कोरियर में लगे सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर जप्त कर फुटेज भी खगांले है। गोदाम मालिक सुयश सिरोठिया ने बताया कि वह मऊरानीपुर में अपने घर पर थे तभी उन्हें फोन पर सूचना मिली की गोदाम में आग लग गई है तो वह आनन फानन में मऊरानीपुर से छतरपुर पहुंचे और देखा कि गोदाम में रखा पेन्ट और अन्य सामान जलकर राख हो गया था। जिससे उनका करोड़ो का नुकसान हुआ है सुयश सिरोठिया के अनुसार पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से जो फुटेज खंगाले है उन फुटेजों के बीडियों में दिखाई दे रहा है कि कोरियर में काम करने बाले दो लड़को ने झाड़ू लगाई और कागज उनकी गोदाम के शटर के सामने इकट्टे करके आग लगा दी और इसी से आग पकड़ गई। कोरियर में काम करने वाले इन लड़को की जरा सी लापरवाही के चलते उनका भारी नुकसान हुआ है सुयश सिरोठिया ने बताया कि वह कोतवाली घटना की रिपोर्ट करने आये हुए है।

### गोदाम में नही है लाईट का कनेक्शन -

जब सुबह 10 बजे के लगभग आगजनी की यह घटना घटित हुई तब लोग यह कयास लगा रहे थे कि विद्युत की शार्टसर्किट से आग लगी है। लेकिन जब गोदाम में बिजली का कनेक्शन भी नहीं है तो शार्ट सर्किट होने का सबाल ही नही उठता है और उधर जब सीसीटीवी फुटेज सामने आया तब स्थिति स्पष्ट हुई कि कोरियर के कर्मचारियों ने कचरे में आग लगाई और उसी से आग पकड़ गई।

### इनका कहना है -

सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट है कि कोरियर में काम करने वाले लड़कों ने झाडू लगाकर कचरे में आग लगाई और उसी आग से गोदाम के अंदर आग पहुच गई कोरियर में काम करने वाले दोनो कर्मचारियों पर मामला पंजीबद्व किया जा रहा है।

**अरविंद दांगी**
**नगर निरीक्षक, सिटी कोतवाली**

---



# शंकर ट्रेडिंग कंपनी पर जीएसटी का छापा

छतरपुर।

शहर के सटई रोड पर स्थित शंकर ट्रेडिंग कंपनी पर जीएसटी विभाग की टीम ने रविवार को छापेमार कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में मुरैना से माल खरीदी के दौरान फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दुरुपयोग करने का संदेह जताया गया है।

जीएसटी की आठ सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद रही और जांच प्रक्रिया जारी है। कार्रवाई के दौरान विभाग ने कंपनी से 17 लाख रुपये जमा करवाए हैं। इस घटना से पूरे व्यापारिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जीएसटी अधिकारी कैलाश सिंह दांगी ने बताया कि शंकर ट्रेडिंग कंपनी द्वारा जो माल क्रय किया जा रहा है, वह वास्तविक रूप से खरीदा नहीं जा रहा है। केवल कागजी बिल लगाए जा रहे हैं। जहां से कंपनी द्वारा माल क्रय करने का दावा किया जा रहा है, वहां संदिग्ध गतिविधियां पाई गई हैं। इसकी गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी केवल प्रारंभिक राशि जमा करवाई गई है और जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---



# खजुराहो में अमावस्या पर मतंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

खजुराहो।

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में अमावस्या के पावन अवसर पर ऐतिहासिक मतंगेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 4 बजे से ही भक्तों का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। यहां के दृश्य देखकर भक्ति की जीती-जागती तस्वीर नजर आई। हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर के समीप स्थित शिवसागर तालाब में पवित्र स्नान किया, भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और मंदिर परिसर में दान-पुण्य अर्पित किया। परंपरा के अनुसार अमावस्या पर महिलाएं और पुरुष लमटेरा गाते हुए मंदिर पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। मंदिर में दर्शन के लिए न सिर्फ स्थानीय भक्त, बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए खजुराहो पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए। घाट और मंदिर परिसर में खजुराहो एसडीओपी मनमोहन बघेल एवं थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सेन के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। नगर परिषद ने एक दिन पहले ही शिवसागर तालाब के घाटों की साफ-सफाई कराई, जिससे श्रद्धालुओं को स्नान और पूजा में किसी तरह की असुविधा नहीं हुई। इस दौरान सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल एवं जनप्रतिनिधि आसाराम पाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। अमावस्या पर्व पर मतंगेश्वर बाबा मंदिर में सैकड़ों-हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और आस्था के साथ दर्शन-पूजन कर पुण्य अर्जित किया। पूरा माहौल भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा।

---

## बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, 96 प्रतिशत छात्रों ने की सहभागिता

# जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्पन्न

छतरपुर।



राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ आयोजित जिला स्तरीय ओलम्पियाड 2025-26 में छतरपुर जिले के आठों विकासखण्डों में बनाये गये प्रतियोगिता केन्द्रों पर बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा-2 से कक्षा-8वीं तक अध्ययनरत बच्चों के लिये अध्ययन के विषयों में ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। प्रथम चरण में जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में सम्पूर्ण जिले में 4749 विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया। जिनमें से प्रथम दिवस 2223 छात्रों में से 2086 छात्र एवं द्वितीय दिवस 2526 छात्रों में से 2450 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुये।

जिले में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार समस्त सहायक परियोजना समन्वयकों, उपयंत्रियों एवं डाइट के अकादमिक सदस्यों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर शिक्षकों एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। डी.पी.सी. अरूण शंकर पाण्डेय ने बताया कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल के नेतृत्व एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. नमःशिवाय अरजरिया के मार्गदर्शन में जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर समस्त 74 जनशिक्षा केन्द्रों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिताएँ सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक तीन चरण में आयोजित की गई। जिनमें कक्षा 2-3 एवं 4-5 में हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं पर्यावरण प्रत्येक विषय में प्रति जनशिक्षा केन्द्र 4-4 विद्यार्थी तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक प्रत्येक विषय में प्रति जन शिक्षा केंद्र 6-6 विद्यार्थी सम्मिलित हुये।

प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी ए.पी.सी. नीरज खरे ने बताया कि ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन ओ.एम.आर. सीट पर किया गया। जिससे बच्चे प्रारंभिक शिक्षा के समय ही प्रतियोगी परीक्षाओं के तरीके से परिचित हो सके। जिला स्तर पर शामिल होने वाले छात्रों को समारोह पूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किये गए साथ ही जो बच्चे राज्य स्तर के लिये चयनित होगें, वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगें। केन्द्रों पर बच्चों को लाने एवं ले जाने के लिये वाहन व्यवस्था एवं बच्चों के साथ प्रतियोगिता में संलग्न शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रतियोगिता केन्द्रों पर भोजन व्यवस्था भी की गई।

## खबर संक्षेप

### संकल्प से समाधान अभियान में अब तक 3672 आवेदन पत्र दर्ज

रीवा। आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 3672 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 399, विकासखण्ड रीवा में 192, विकासखण्ड सिरमौर में 1828, विकासखण्ड गंगेव में 170, विकासखण्ड त्योंथर में 157 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 20 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 812, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 9, नगर परिषद चाकघाट में 37, नगर परिषद डभौरा में 23, नगर परिषद त्योंथर में 3, नगर परिषद गुढ़ में 21 तथा नगर परिषद सिरमौर में एक आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

### स्वयंसेवी संस्था 22 जनवरी को लगाएगी नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

रीवा। स्वयंसेवी संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 22 जनवरी को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किरण सेवा संस्थान नेहरू नगर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल आदि की जाँच की जाएगी। रोगियों को नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाएं वितरित की जाएंगी। शिविर में सिकल सेल की भी जाँच की भी व्यवस्था की गई है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

उमरियापान। तहसील क्षेत्र ढीमरखेड़ा में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन लगातार जारी है। रेत कारोबार से जुड़े लोग दिन-रात अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर खुलेआम परिवहन कर रहे हैं। इसी क्रम में उमरियापान पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।एएसआई कोदूलाल दाहिया द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक लाल रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया। ट्रॉली में रेत भरी होने पर चालक से रेत परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए। चालक कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। दस्तावेजों के अभाव में पुलिस ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराते हुए वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

कटनी। बिलहरी चौकी पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना कुठला में दर्ज अपराध क्रमांक 10/26, धारा 64(1), 296, 115(2), 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत फरार चल रहे आरोपी गोलू उर्फ रामकृष्ण चौधरी पिता विनोद चौधरी 22 वर्ष निवासी ग्राम बड़गांव थाना कुठला के पन्ना जिले में छिपे होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय द्वारा तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी,आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### प्राथमिक शाला मंगेली के बच्चों को बांटे स्वेटर-टोपा

उमरियापान। जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा की शासकीय प्राथमिक शाला मंगेली के सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को सर्दी से राहत देने के उद्देश्य से स्वेटर एवं टोपा वितरित किए गए। समाजसेवी पूर्व सरपंच श्रीमती सुनीता/ कल्लू पटेल एवं ओम प्रकाश यादव द्वारा किया गया। स्वेटर एवं टोपा पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

# विन्ध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाने का है संकल्प - उप मुख्यमंत्री

**रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है**

रीवा



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना है। रीवा, सतना, सीधी व सिंगरौली विकास के रास्ते में एक साथ आगे बढ़ेंगे तभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। उप मुख्यमंत्री ने अमहिया स्थित अपने निज निवास में नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के विकास की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर होती है। गत दिनों देश के गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा के सोलर प्लांट, फोरलेन सड़कों तथा चौबीस घंटे हवाई सेवा देने वाले रीवा एयरपोर्ट की चर्चा की थी। इनका क्षेत्र में पर्यटन एवं उद्योग के साथ हरित क्रांति का लक्ष्य लेकर विकास की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। नए वर्ष में सिंचाई की सुविधा को दुगना करने के साथ ही ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के कार्य में सीधी जिला मुख्यालय तक रेललाइन बिछाने का कार्य पूरा किए जाने का संकल्प है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेललाइन के पूरा हो जाने पर हमारा क्षेत्र सीधे पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़ जाएगा। केन्द्र और राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही हैं। इसका अधिक से अधिक लाभ विन्ध्य क्षेत्र को मिले इस दिशा में सभी जनप्रतिनिधि पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। इसके सार्थक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में हमेशा से ही विकास की संभावनाएं रही हैं। गत वर्षों में हुए विकास कार्यों से लोग अचंभित हैं। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकार साथियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। विंध्य मे रेलवे परियोजनाओं का कार्य युद्ध स्तर परराजेंद्र शुक्ला ने आगे कहा, जब हम लोग कॉलेज में थे तब सुनते थे कि ललितपुर से सिंगरौली रेलवे लाइन यदि बन जाए तो पूर्वोत्तर से हमारा विंध्य क्षेत्र जुड़ जाएगा, मगर रीवा रेलवे लाइन का डेड एंड था, लेकिन अब सिंगरौली-रीवा-सतना रेल परियोजना पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है. 27 जनवरी को इस परियोजना की समीक्षा की जाएगी, जिसमें रेलवे के जीएम भी मौजूद रहेंगे,उन्होंने कहा कि जहां रेलवे लाइन और नहरों का जाल होता है, वहां उद्योग स्वतः स्थापित होते हैं। डिप्टी सीएम ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर साधा निशानाविपक्ष द्वारा रीवा के संजय गांधी अस्पताल और अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य में उपमुख्यमंत्री मंत्री के निरीक्षण न किए जाने के सवाल पर राजेंद्र शुक्ला ने कहा, जब वह सोते रहते हैं तब हम निरीक्षण करने जाते हैं, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों को उन्होंने बेहद दुखद बताया, राहुल गांधी के इंदौर दौरे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तुरंत मौके पर पहुंचे थे, जबकि विपक्षी नेता को यह कदम पहले उठाना चाहिए था। यूनियन कार्बाइड की घटना में जिम्मेदारो को दिया गया था स्केप रुटसाथ ही भोपाल गैस त्रासदी का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए. कांग्रेस के पास इसका क्या जवाब है कि जब भोपाल गैस त्रासदी ₹यूनियन कार्बाइड₹ की घटना हुई थी, जिसमें हजारों लोगों की जान गई थी उस समय कांग्रेस ने क्या किया था. घटना में शामिल जो जिम्मेदार लोग थे उन्हें बाकायदा स्केप रूट दिया गया ताकि वह सुरक्षित निकल जाएं। क्या हम कल्पना कर सकते हैं, उस दौरान अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होते और उस प्रकार की कोई घटना होती तो वहां से निकलना तो दूर की बात थी. यदि वह बाहर होता तो उसे पकड़कर यहां लाते,यह तो वही बात हुई सौ-सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को जा रही है।

## उप मुख्यमंत्री तथा विधायक गुढ़ ने मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा



रीवा। गुढ़ के समीप स्थित भैरवनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इसी माह मंदिर का विधिवत लोकार्पण करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्र के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने हेलीपैड, मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा मंदिर का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। वाहनों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था तथा कार्यक्रम से जुड़े अन्य प्रबंधों पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में किसी तरह की कोरकसर बाकी न रखें। मंदिर से जुड़े निर्माण कार्य 25 जनवरी तक हर हाल में पूरे कराएं। भैरवनाथ मंदिर धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। विधायक गुढ़ ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सुधाकर सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नितिन पटेल, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, विवेक दुबे, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लाखों की चोरी का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार, जेवर व नकदी बरामद



रीवा। जिले के गोविंदगढ़ कस्बे में हुई लाखों रुपये की चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी गए जेवरात और नकदी बरामद कर ली है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को भी अभिरक्षा में लेकर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी मुख्यालय उदित मिश्रा और थाना प्रभारी गोविंदगढ़ अरविंद राठौर ने बताया कि गोविंदगढ़ कस्बा निवासी कमलेश गुप्ता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि बीते 29 दिसंबर को उनकी पत्नी द्वारा जब घर की आलमारी खोलकर देखी गई तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगद रुपये गायब थे। परिजनों द्वारा काफी तलाश की गई, लेकिन चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित परिवार ने घटना के करीब 19 दिन बाद, 16 जनवरी को गोविंदगढ़ थाने में चोरी की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्धों पर नजर रखी। इसी दौरान पुलिस ने एक संदेही युवक और एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी अमित कुमार विश्वकर्मा है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने चोरी किए गए कुछ जेवरात अपने पास रखे थे, जबकि कुछ जेवरात बजाज गोल्ड लोन में गिरवी रख दिए थे। इसके अलावा चोरी का कुछ सामान अन्य स्थानों पर छिपाकर रखने की भी जानकारी आरोपी ने दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब साढ़े तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और 2 लाख 18 हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। बरामदगी के बाद मुख्य आरोपी अमित कुमार विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं, विधि विरुद्ध बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

## विश्वासघाती चीन से अंतरंगता देशहित में नहीं : अजय खरे

**हिंदी चीनी भाई-भाई के नारे लगाकर भारत के साथ विश्वासघात करने वाला चीन आज भी घुसपैठ कर रहा चीन जैसी एकदलीय शासन व्यवस्था के जरिए भारत में लोकतंत्र खत्म करने की साज़िश तो नहीं हो रही**

रीवा। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत के लिए चीन से दोस्ती काफी घातक साबित हुई है। हिंदी चीनी भाई भाई नारा लगाकर पीठ में छुरा भोंका गया। एक स्वतंत्र देश तिब्बत को हड़पने के बाद सन 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण करके 40000 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक भूभाग पर जबरिया कब्जा कर रखा है।

श्री खरे ने कहा कि करीब 67 साल पहले तक चीन की दक्षिणी सीमाएं तिब्बत से मिलती थीं, भारत से नहीं। इतिहास में चीन कभी भारत का पड़ोसी नहीं था। दरअसल भारत की उत्तर दिशा में मौजूद पड़ोसी देश तिब्बत था। भारत और तिब्बत सीमा का निर्धारण मैक मोहन रेखा करती थी। चीन के द्वारा तिब्बत को हड़पने के बाद मैक मोहन रेखा को मानने से इंकार कर भारत के साथ सीमा विवाद बनाए रखा। चीन कभी नहीं चाहता कि भारत तिब्बत के सवाल को विश्व मंच पर रखे। इसके लिए उसने भारत के कई हिस्सों पर अपना दावा ठोकते हुए जानबूझकर सीमा विवाद की स्थिति निर्मित की है। एक तरफ उत्तरी सीमाओं एवं तिब्बत के सवाल को लेकर तत्कालीन नेहरू सरकार की आलोचना की जाती है और दूसरी तरफ चीन की लगातार घुसपैठ के बावजूद मोदी सरकार ,भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा उससे अच्छे संबंध बनाने की कोशिश दोहरा चरित्र है। लंबे समय से चल रहे भारत चीन सीमा विवाद के बीच इधर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल का दिल्ली में भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेताओं से मुलाकात और उनके कार्यालय में हुई गुप्त बैठक को महज़ शिष्टाचार भेंट कहना सही नहीं है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या सरकार में बैठे हुए लोगों से कोई बात करता तो इसे कूटनीतिक संवाद कहा जा सकता है लेकिन साम्यवादियों और खासतौर से चीन से नफरत का दिखावा करने वाली भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अपने कार्यालय में उन्हें आमंत्रित करना सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस समय एक देश एक चुनाव की बात पर जोर दे रहे हैं। भारत में बहुदलीय लोकतंत्र है जबकि चीन में एक दलीय शासन व्यवस्था है। भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से पूरे देश में एक पार्टी का शासन चाहती है और केंद्र - राज्य में डबल इंजन सरकार के नाम पर वोट मांगती है इससे ऐसा लगता है कि वह भी चीन की तर्ज पर भारत में भी एक दलीय शासन व्यवस्था थोपना चाहती है। यदि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अपने दफ्तर में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित करती तो निश्चित रूप से भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और यहां तक मोदी सरकार की ओर से भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलतीं। देखने को मिलता है कि लंबे समय से भाजपा नेताओं एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों का चीन का दौरा और उनके प्रति झुकाव बना हुआ है। ऐसे समय जब चीन भारतीय सीमाओं के अंदर घुसपैठ बनाए हुए है, उसका मुंहतोड़ जवाब देने की जगह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि मंडल से अंतरंग होना बहुत शर्मनाक है। अब सवाल यह है कि मोदी सरकार, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दोहरे मापदंड क्या देश और लोकतंत्र के लिए घातक नहीं है



## चित्रांश परिवार की आम सभा संपन्न, कार्यकारिणी गठन व वार्षिक कैलेंडर को मिली स्वीकृति

रीवा।

चित्रांश परिवार (कायस्थ समाज) की आम सभा का आयोजन रविवार को स्थानीय शिप्स कॉलेज परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चित्रगुप्त जी के पूजन एवं आरती के साथ हुई। आम सभा में संगठन से जुड़े कुछ आवश्यक संशोधनों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का गठन एवं वार्षिक कैलेंडर को भी आम सभा द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। पूर्व में नियुक्त विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों एवं सह-अध्यक्षों के नामों पर भी आम सभा की मुहर लगी। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में सतीश निगम, अजय सक्सेना, विवेक वर्मा, संजय खरे एवं पूजा श्रीवास्तव को चयनित किया गया।इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी मनोनयन एडवोकेट शैलेंद्र निगम, संतोष श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव,डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ,डॉ. एस.के. श्रीवास्तव एवं डॉ. विजय श्रीवास्तव को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सुशील खरे ने बताया कि कार्यकारिणी के पूर्ण गठन के पश्चात संगठन का पहला कार्यक्रम 1 फरवरी को महिला प्रकोष्ठ के साथ बैठक के रूप में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही फरवरी माह में एक वृहद चिकित्सा शिविर के आयोजन की भी योजना बनाई गई है। आम सभा में वार्षिक कैलेंडर के अनुरूप विभिन्न प्रकोष्ठों को उनकी-उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।

## शीत ऋतु में बेघरों के लिए नगर निगम की पहल, 17 जरूरतमंदों को पहुंचाया गया सुरक्षित



रीवा। शीत ऋतु में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में खुले में रहने वाले बेघर, असहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत प्रदान करने का कार्य लगातार जारी है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा रात्रिकालीन अभियान चलाकर ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम की रात्रिकालीन मोबाइल वैन टीम द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों से खुले में सो रहे कुल 17 जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों तक सुरक्षित पहुंचाया गया। यह अभियान विशेष रूप से रात्रि के समय संचालित किया जा रहा है, ताकि अत्यधिक ठंड में किसी भी व्यक्ति को असहाय स्थिति में न रहना पड़े।नगर निगम की मोबाइल वैन द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मंदिर परिसरों, बाजार क्षेत्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का नियमित भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान खुले में सो रहे बेघर व्यक्तियों को समझाइश देकर उन्हें आश्रय स्थलों तक ले जाया जा रहा है। आश्रय स्थलों में इन सभी जरूरतमंदों के लिए गर्म बिस्तर, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ पेयजल, प्राथमिक उपचार सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था नगर निगम रीवा द्वारा की गई है, जिससे वे सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में ठंड से बचाव कर सकें। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शीतकालीन राहत कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। साथ ही शहर के नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके आसपास कोई बेघर, असहाय या जरूरतमंद व्यक्ति खुले में निवास करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल नगर निगम को दें, ताकि समय रहते उसे आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## यातायात पुलिस ढेकहा तिराहे पर चलाया सघन चेकिंग अभियान, 20 बसों पर की गई चालानी कार्रवाई






रीवा। शहर में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा रविवार को ढेकहा तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विशेष रूप से यात्री बसों की गहन जांच की गई, जिसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा एवं यातायात सूबेदार अंजली गुप्ता के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान लगभग 50 से अधिक वाहनों को रोका गया। जांच के दौरान बसों में अनिवार्य रूप से लगाए जाने वाले फायर सेफ्टी सिस्टम, अग्निशमन यंत्रों की कार्यशील स्थिति, प्राथमिक उपचार के लिए रखे जाने वाले मेडिकल बॉक्स, आपातकालीन खिड़की, सीट बेल्ट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। जांच में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर 20 बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। कई बसों में फायर सेफ्टी उपकरण नदारद पाए गए, जबकि कुछ बसों में मेडिकल बॉक्स अधूरा या अनुपलब्ध था। इसके अलावा दस्तावेजों में कमी और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले भी सामने आए। यातायात अधिकारियों ने मौके पर ही बस चालकों और संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करें। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## आनंद उत्सव अंतर्गत हैप्पी स्ट्रीट का उल्लासपूर्ण हुआ आयोजन, हर उम्र के लोगों ने लिया भरपूर आनंद



रीवा। शहर में आनंद उत्सव अंतर्गत जनवरी माह के रविवार को नगर निगम रीवा की अभिनव पहल हैप्पी स्ट्रीट का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान जुंबा, बोरा रेस, लेमन रेस, रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर रेस, टायर रेस, ड्राइंग प्रतियोगिता के साथ-साथ फन रन, गुलाटी रेस आधारित गतिविधियों ने प्रतिभागियों व दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पारंपरिक एवं बचपन के खेलों को पुनर्जीवित करने का सफल प्रयास किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंददायक अनुभव साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही सांस अभियान अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्मल हवा के संरक्षण हेतु कचरा न जलाने की शपथ भी दिलाई गई। जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शहर में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं तथा नागरिकों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में बहादुर फिजिकल अकादमी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्थानीय नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान नगर निगम के लेखा अधिकारी । अवनीश त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, सिटी मिशन मैनेजर प्रीति रोचलानी एवं आईईसी टीम मौजूद रहा।